हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
5 अक्टूबर 2025, बरेली

**PAGE NO :07 TOP**

### एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 12वें दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# सम्मानः चिकित्सा सेवा का लिया संकल्प, मेधावियों को मिले मेडल

**दीक्षांत समारोह**

बरेली। वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 12वें दीक्षांत समारोह में 427 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग के 59 विद्यार्थियों को ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट मिले।

पीजी में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर रेडिएशन ऑकोलॉजी की डॉ. संयमिता जैन और एमबीबीएस में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले 2019-2024 बैच छात्र डॉ. करण कालरा ओवरऑल टॉपर चुने गए। डॉ.संयमिता ने एमडी रेडिएशन ऑकोलॉजी ब्रांच में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विवि में भी दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र और 51000-51000 नकद पुरस्कार भी दिया गया।




ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, विधायक डा. एमपी आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला मेधावियों को पदक देते हुए।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शतिक प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि हेल्थ रिसर्च विभाग के सेक्रेटरी एवं इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डीजी डॉ. राजीव बहल ने किया। सरस्वती वंदना, संस्थान गीत के साथ दीक्षांत समारोह आरंभ हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने दीक्षांत समारोह के आरंभ होने की घोषणा की। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने विद्यार्थियों को दीक्षा दी और एनएमसी की भी शपथ दिलाई। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि आज का दिन डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए यादगार है। अंत में वाइस प्रिंसिपल डॉ. रोहित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी का आभार जताया। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. आयुषि शुक्ला और डॉ. शिवांगी मिधा ने किया।

**ये रहे मौजूदः** नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, बरेली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओपी राय, डॉ. वंदना शर्मा, एसआरएमएस के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, देविशा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, मेडिकल कॉलेज के डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार आदि मौजूद रहे।